आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

तीसरी बार देश की सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेगे। इस दौरे के अन्तर्गत वह शाम पांच बजे पहले सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में अन्नदाता किसानों से संवाद करेंगे। उसके बाद शाम सात बजे प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। रात आठ बजे प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ जी के दर्शन–पूजन भी करेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मेलन के अन्तर्गत लगभग नौ दशमलव छब्बीस करोड़ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की सत्रहवीं किस्त जारी करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। कृषि सखी कन्वर्जेंस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कृषि सखी के रूप में सशक्त करते हुए प्रशिक्षण और प्रमाण प्रदान करना है। भारतीय जनता पार्टी ने किसान सम्मेलन में पचास हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के 111वीं कड़ी के अंतर्गत 30 जून को आकाशवाणी से अपने विचार साझा करेंगे। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में श्रोता टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। यह आकाशवाणी समाचार, डी.डी.न्यूज, पी. एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी उपलब्ध रहेगा।

****

एक जुलाई 2024 से प्रदेश सहित देश भर में लागू होने वाले नए कानूनों के अंतर्गत साइबर अपराध को रोकने के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं।

नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता– 2023 के तहत किसी महिला की सहमति के बिना उसकी निजी कृत्यों की तस्वीर खींचकर प्रकाशित करना, भौतिक अथवा साइबर दोनो प्रकार से पीछा करना, पासवर्ड चोरी, ईमेल स्पूफिंग एवं ऑनलाइन जालसाजी आदि साइबर क्राइम के तहत दंडनीय है।

इस कानून के अंतर्गत आम जन के डाटा की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुराने कानूनों के अंतर्गत साइबर क्राइम पर अपेक्षाकृत कठोर कार्रवाई करने में सफलता नहीं मिल रही थी, जिस वजह से साइबर अपराध के कानून में बदलाव की काफी अरसे से जरूरत महसूस की जा रही थी। नए कानूनों के लागू होने से अब ऐसे अपराधियों को चिन्हित करने के साथ ही कठोर से कठोर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

****

इक्कीस जून को आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश भर में साप्ताहिक योग शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद लोगों को प्राणायम की अहमियत बताने के साथ निरोगी काया का मंत्र बताना है। इस क्रम में आज वाराणसी के सम्मपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के अध्यापकों और शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के प्राणायम कराने के साथ ही उन्हें इसकी अहमियत भी बतायी। उधर, अमरोहा के सद्भावना पार्क में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अन्तर्गत योग शिविर का आयोजन किया गया।

****

ईद–उल–अजहा यानी बकरीद का पर्व आज प्रदेश भर में परम्परागत ढंग से आस्था के साथ मनाया जा रहा है। मस्जिदो में बकरीद की विशेष नमाज अदा की जा रही है। ईद–उल–अजहा को अल्लाह की राह में कुर्बानी का पर्व बताया जाता है। विभिन्न राजनीतिक दलो के नेताओं ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को पर्व की बधाई दी है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह पर्व हमे खुशियां बांटने व गरीब तथा बेसहारा लोगों की मदद करने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व सभी को मिलजुल कर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

****

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। कई जनपदों में आज दोपहर का पारा चालीस डिग्री से अधिक रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार दिनों तक लू की चेतावनी जारी करते हुए बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, वाराणसी, इटावा और हमीरपुर सहित पच्चीस जिलों के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। उधर, आगरा, हाथरस, मथुरा में गरज–चमक के साथ बारिश और तेज हवा चलने का अनुमान भी जताया है।

****